<u>जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर</u>

जयपुरः (1) कार्यकारिणी की प्रथम बैठक; 05.04.2019 (शुक्रवार) दोपहर 02.30 बजे से; स्थान महर्षि भृगु सदन, सुन्दर मार्ग, तिलक नगर;

अध्यक्षताः रुक्मणी; उपस्थिति : 36

कार्यकारिणी की बैठक ईश वन्दना से प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम दिवंगत आत्माओं को श्रृद्धाजंली देने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। पाँच मिनट के लिये सभा को स्थगित किया गया। पुनः गणेश जी को माल्यार्पण करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। श्रीमति नीरजा जी (चुनाव अधिकारी) द्वारा सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय कराया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी ने अपना कार्यभार संभाला। नई कार्यकारिणी ने जयपुर भार्गव सभा से सम्बद्धता प्राप्त की। विशेष सदस्य के चयन के लिये मंजू जी, अरूणा जी, प्रेरणा जी, वर्षा, शकुन जी के नाम घोषित किये गये। श्रीमति मधु (विनोद) को बर्तन भण्डारी के पद पर नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय महिला सभा का पत्र पढा गया जिसमें जयपुर में राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की बैठक आयोजित करने के लिये भार्गव महिला सभा, जयपुर से सहयोग मांगा गया। सर्वसम्मति से राष्ट्रीय महिला सभा की बैठक दिनांक 27.04.2019 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

प्रथम साधारण बैठक दिनांक 15.04.2019 को करने का निर्णय लिया गया। जिसमें होली उत्सव मनाने का निश्चय किया गया। सांस्कृतिक मंत्री श्रीमति आरती जी ने होली उत्सव मनाने हेतु कार्यक्रम बताया। अन्त में अध्यक्षा श्रीमति रुकमणी जी को स्वरूची भोज के लिये धन्यवाद दिया गया।

मनीषा भार्गव
सचिव